2014

HINDI

(Major)

Paper : 5·5

(Hindi Ka Nibandha Sahitya)

Full Marks : 60

Time : 3 hours

The figures in the margin indicate full marks for the questions

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दीजिए : 1×7=7

(क) सैमुअल जॉनसन के अनुसार निबन्ध कैसी रचना है?

(ख) विद्यानिवास मिश्र द्वारा लिखित पठित निबन्ध का नाम क्या है?

(ग) 'कविता क्या है?' निबन्ध के आधार पर कविता की परिभाषा दीजिए।

(घ) वाल्मीकि ने ऊर्मिला का चित्रण कितनी बार किया था?

(ङ) "भोले भाव मिलें रघुराई"—यह किसका कथन है?

(च) कवियों की दुनिया में कभी चर्चा न होने वाली घास का नाम क्या है?

(छ) बालमुकुन्द गुप्त द्वारा लिखित एक कृति का नामोल्लेख कीजिए।

2. संक्षेप में उत्तर दीजिए : 2×4=8

(क) आधुनिक गद्य-विधा के रूप में निबन्ध का क्या महत्त्व है?

(ख) हल चलाने और भेड़ चराने वालों में क्या समानता होती है?

(ग) क्या आज के साहित्यकार अपने कर्तव्य का पालन कर रहे हैं? पठित पाठ के आधार पर जवाब दीजिए।

(घ) हरिशंकर परसाई के निबन्धों की दो विशेषताएँ लिखिए।

3. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 5×3=15

(क) हिन्दी निबन्ध को राहुल सांकृत्यायन की देन का उल्लेख कीजिए।

(ख) शुक्ल जी के अनुसार कविता की भाषा कैसी होनी चाहिए?

(ग) "भारतवर्ष की एकता उसकी विविधताओं में छिपी हुई है।" पंक्ति का आशय बताइए।

(घ) कुबेरनाथ राय के निबन्धों की कोई तीन विशेषताएँ लिखिए।

(ङ) हजारी प्रसाद द्विवेदी के अनुसार 'हिन्दी की सेवा' का तात्पर्य क्या है?

4. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 10

संसार के हर एक देश पर अगर हम अलग-अलग विचार करें, तो हमें पता चलेगा कि प्रत्येक देश की एक निजी सांस्कृतिक विशेषता होती है, जो उस देश के प्रत्येक निवासी की चाल-ढाल, बातचीत, रहन-सहन, खान-पान, तौर-तरीके और आदतों से टपकती रहती है।

अथवा

महान कार्य के लिए विशाल हृदय होना चाहिए। हिन्दी का साहित्य सचमुच महान कार्य है। क्योंकि उससे करोड़ों का भला होना है।

5. निबन्ध की परिभाषा देते हुए उसके तत्त्वों पर सम्यक् विवेचन कीजिए। 10

अथवा

द्विवेदीयुगीन निबन्ध-साहित्य का संक्षेप में परिचय दीजिए।

6. 'नीलकंठ उदास' **अथवा** 'एक कुत्ता और एक मैना' नामक निबन्ध के प्रतिपाद्य की समीक्षा कीजिए। 10

★★★